बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

आदेश

सं0सं0–01/स्था० (विविध)–48/2021 – ..../न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक–..............

विभागीय अधिसूचना संख्या–2138 दिनांक–25.02.2025 द्वारा सेवानिवृत कार्यपालक अभियंता क्रमशः श्री रामदेव चौधरी एवं श्री रामाशीष प्रसाद को संविदा पर नियोजित करते हुए इनकी सेवा विभागीय अधिसूचना संख्या–7252 दिनांक–30.06.2025 द्वारा प्रतिनियुक्ति के आधार पर बुडको को सौंपी गयी थी।

2. बुडको के कार्यालय आदेश संख्या–216 दिनांक–18.11.2025 द्वारा श्री रामदेव चौधरी (संविदा), तत्कालीन परियोजना निदेशक, (असैनिक), बुडको, सहरसा एवं मधेपुरा तथा श्री रामाशीष प्रसाद (संविदा), तत्कालीन परियोजना निदेशक, (असैनिक), बुडको, मधुबनी को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त करते हुए इनकी सेवा विभाग को वापस किया गया।

3. विभागीय पत्रांक–760 दिनांक–24.01.2026 के प्रतिउत्तर में प्रबंध निदेशक, बुडको के पत्रांक–434 दिनांक–09.02.2026 द्वारा उक्त दोनों अभियंताओं के विरूद्ध कार्य में लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने का आरोप प्रतिवेदित किया गया।

4. प्रबंध निदेशक, बुडको द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्यकलाप प्रतिवेदन पर सम्यक विचरोपरांत यह पाया गया कि श्री रामदेव चौधरी कार्यपालक अभियंता, (संविदा) तदेन परियोजना निदेशक, (असैनिक), बुडको, सहरसा एवं मधेपुरा तथा श्री रामाशीष प्रसाद (संविदा), तदेन परियोजना निदेशक, (असैनिक), बुडको, मधुबनी का कार्यकलाप पूर्णतः असंतोषजनक है। फलतः उक्त दोनों कार्यपालक अभियंता (संविदा) की संविदा प्रशासनिक दृष्टिकोण से दिनांक–18.11.2025 के प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

5. चूँकि श्री चौधरी एवं श्री प्रसाद से सेवा वापस करने की तिथि से अद्यतन विभाग द्वारा किसी प्रकार का कार्य नहीं लिया गया है, फलस्वरूप उक्त दोनों अभियंता को उक्त अवधि का मानदेय का भुगतान नहीं किया जायेगा।

6. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
(राजीव रंजन तिवारी)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–01/स्था० (विविध)–48/2021 ...2790... न0वि0एवंआ0वि0/पटना, दिनांक–10/3/26

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार पटना/वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/संबंधित कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी/प्रबंध निदेशक, बुडको/संबंधित नगर आयुक्त/अभियंता प्रमुख/संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ज्ञापांक- 2490 दिनांक- 10/3/26

प्रतिलिपिः–श्री रामदेव चौधरी (संविदा), तत्कालीन परियोजना निदेशक, (असैनिक) (कार्यपालक अभियंता के समकक्ष), बुडको, सहरसा एवं मधेपुरा तथा श्री रामाशीष प्रसाद (संविदा), तत्कालीन परियोजना निदेशक, (असैनिक) (कार्यपालक अभियंता के समकक्ष), बुडको, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/श्री पंकज कुमार, आई0टी0 प्रबंधक, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09/03/2026

सरकार के उप सचिव।